Need to improve mobile telecommunication service in Palghar district, Maharashtra ? Laid

डॉ. हेमंत विष्णु सवरा (पालघर) : पालघर जिले में बीएसएनएल और मोबाइल सेवा प्रदान करने वाली कुछ निजी कंपनियों का मोबाइल और वाईफाई नेटवर्क/सिग्नल काफी कम आता है । मोबाइल सिग्नल किसी जगह पर आता है और कहीं बिल्कुल उपलब्ध नहीं होता है । मोबाइल पर बात करते हुए कई बार सिग्नल ड्रॉप होने के कारण मोबाइल से संपर्क करने में बहुत ही कठिनाई होती है । अनेक तालुका ऐसे है जहां बीएसएनएल और निजी मोबाइल सेवा प्रदान करने वाले कम्पनियो का सिग्नल बिल्कुल नहीं के बराबर आता है । इस कारण से यहां रहने वाले स्थानीय लोगो को बहुत परेशानी होती है । पालघर जिले की कुल जनसंख्या लगभग 29,90,116 है और 15 लाख से ज्यादा मोबाइल का उपयोग करने वाले लोग हैं । । जिले के मोखाडा, तलासरी, वसई, विक्रमगढ़, पालघर, दहानू और वाडा में सिग्नल की समस्या काफी गंभीर है । मेरा माननीय संचार मंत्री महोदय से अनुरोध है कि पालघर जिले में मोबाइल कनेक्टिविटी की समस्या को हल करने के लिए जरूरी कदम उठाएं जाएं और बीएसएनएल और निजी कंपनी दोनों को सिग्नल में सुधार करने का आदेश देने की कृपा करें । यहाँ के जिस गांव या तालुका में सिग्नल कम या ना के बराबर है वहां अतिरिक्त मोबाइल टावर लगाने का भी प्रबंध किया जाए ।